सार-समाचार

कांग्रेस प्रत्याशी ने जनसंपर्क किया

करौली (निसं)। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे ही चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने अपना जनसंपर्क तेज कर दिया है। मंगलवार को करौली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विधायक लाखन सिंह मीणा ने गूलरघटा, पांचना कॉलोनी के पीछे, शिव कॉलोनी, अगोला बस्ती, भूमिया बाबा का स्थान, माली बस्ती नहरदे,हरिजन बस्ती, दुगेसींघटा, आमनकापूरा, केशवपुर सहित कई अन्य माली बस्तियों में पहुंचकर विधायक लाखन सिंह मीणा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के अलावा सात गारंटीयों की योजनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में आम आबाम,गरीब,मजदूर किसान, युवा, बेरोजगार,महिला,स्कूली बालिकाओं,वृद्ध महिला पुरुषों, दिव्यांग जनों के हितों में काम किया है गांव गांव और ढानी ढानी तक रह रहे लोगों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आने वाली समय में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी सभी लोग अपनी ताकत दिखाते हुए 25 नवंबर को कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जमकर मतदान करें।उन्होंने कहा कि करौली विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं छोडी और अगर कहीं कोई कार्य छूट भी गया है तो उसे पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्याशी लाखन सिंह के साथ करौली नगर परिषद के उपसभापति सुनील सैनी सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख लोग साथ रहे।

विधायक राजीव सिंह ने बैठक ली

गंगापुर सिटी (निसं)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 नवंबर को प्रस्तावित सभा में शामिल होने के लिए भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की प्रवासी विधायक राजीव सिंह ने बैठक ले कर तैयारी को अंतिम रूप दिया। प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ता मोदी की सभा में पहुंचे इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। सभी बूथों पर छोटे बडे वाहन लगाए गए क्योंकि 25 नंबर को राजस्थान में चुनाव है उससे पहले प्रधानमंत्री का करौली का दौरा बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री करौली जिले के आसपास की लगभग 10 विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं मे अपने संबोधन से जोश भरेंगे जिससे आने वाले चुनाव में भाजपा की सरकार बन सके। बैठक में प्रवासी विधायक राजीव सिंह, जिला संगठन प्रभारी प्रणवेंद्र सिंह, सभापति शिवरतन अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी शिव कुमार सैनी, जिला महामंत्री उदय सिंह गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र दीक्षित, विधानसभा संयोजक प्रदीप सरकार, शहर मंडल अध्यक्ष रवि मंगल, भाजपा नेता नवीन शर्मा, विस्तारक नीरज शर्मा, ओमी कटारिया, कमलेश महावर एवं समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मतदान दिवस को बाजार बन्द रहेगा

हिण्डौन सिटी (निसं)। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आगामी विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में अपने व्यापारियों की सपरिवार भागीदारी के लिए हिण्डौन किराना व्यापार अपने प्रतिष्ठान बन्द रखेगा। किराना अध्यक्ष अनिल गोयल एवं किराना संरक्षक महेन्द्र पंसारी ने कहा कि हम व्यापारी वोट तो पहले भी देते रहे हें पर पहले कम मतदान होने के कारण राजनैतिक दल हम व्यापारियों को सम्मान नहीं देते थे, पर जब से हम बाजार बन्द रख वोट देने लगे हैं तब मतदान प्रतिशत बढ़ने से सभी राजनैतिक दल हम व्यापारियों को महत्व देने लगे हैं। मतदान दिवस 25 नवम्बर (शनिवार) को अपनी अधिक से अधिक भागीदारी के लिए किराना संघ अपने सभी व्यापारियों सपरिवार मतदान करने की अपील करता है। उल्लेखनीय है किराना व्यापार संघ लोकतंत्र में अपनी 100 प्रतिशत भागीदारी रखने के लिए पिछले दो दशक से चुनाव दिवस को अपने व्यापार को बन्द रखता आया है। किराना अध्यक्ष अनिल गोयल ने कहा कि इस माह की अंतिम तिथी को किराना व्यापार का रहने वाला अवकाश इस माह निरस्त कर दिया है। 30 नवम्बर को किराना व्यापार खुला रहेगा।

गांवों में जनसंपर्क किया

धौलपुर (निसं)। विधानसभा क्षेत्र धौलपुर में जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से सोमवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. शिवचरण कुशवाहा ने दर्जन भर से अधिक गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपार स्नेह दिया और अपना अमूल्य वोट देने का वादा किया। डॉ. कुशवाहा ने जनसंपर्क के दौरान कहा कि क्षेत्र में मिले रहे समर्थन को देखकर कह सकता हूं कि जनता मुझे आशीर्वाद देने का पूरा मन बना चुकी है। जनसंपर्क रैली के दौरान चांदपुर, विशनौदा, रजई का पुरा, भूतपुरा, गुन्ना का पुरा, रीछपुरा, चौवानिया पुरा, सरेखी का पुरा, मोरोली का पुरा, नगला भगत, रजौरा सहित कई गांवों में स्वागत सभाओं में मुझे जो विशेष प्यार और सम्मान मिला है, उससे मेरा दावा है कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार बनेगी और विकास की रफ्तार बढ़ेगी। उन्होंने कहा क्षेत्र के लोग भाजपा की विकासवादी सरकार बनाने को लेकर उत्साहित हैं, जन-जन का आशीर्वाद भाजपा को मिल रहा है और भाजपा की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनने जा रही है। जन संपर्क के दौरान कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी डॉ. कुशवाहा को फलों से भी तोला गया। जनसंपर्क में उनके साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

द्वितीय प्रशिक्षण समापन

करौली (निसं)। विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारी और पीओ प्रथम तथा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में पीओ द्वितीय और पीओ तृतीय का प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें पीठासीन अधिकारी,पीओ प्रथम, पीओ द्वितीय,पीओ तृतीय रहे प्रतिभागियों ने प्रषिक्षण में मतदान कराने के प्रक्रिया सीखी। मतदान कर्मियों के पांच दिवसी प्रषिक्षण में मतदान केंद्र पर निभाए जाने वाले जिम्मेदारियों से अवगत हुए और मतदान बूथ पर पीठासीन अधिकारी और पीओ प्रथम को कागजी कार्रवाई विस्तृत प्रक्रिया समझा। प्रषिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण में ईवीएम संचालन,फॉर्मेट पूर्ति, ईवीएम प्रोटोकॉल, बूथ चेकिंग, पोलिंग बूथ कर्मियों के उत्तरदायित्व और कार्य प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षणार्थियों का चुनाव में मतदान के समय बरती जाने वाली सजगता और सर्तकता से अवगत कराते हुए प्रक्रिया की बारीकियों कि ओर ध्यानार्षित किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों से प्रषिक्षण में सीखी गई जानकारियों से संबंधित क्रॉस प्रश्न कर त्रुटियों कि संभावनाओं को सवाल -जवाब कर समझाया।

सर्दी तेज होने लगी

गंगापुर सिटी (निसं)। दीपावली के बाद जिला गंगापुर सिटी में सर्दी तेज होने लगी है। शहरी व ग्रामीण इलाकों में सुबह और शाम हल्का कोहरा छाने लगा है। यहां न्यूनतम तापमान 19 डिग्री पर पहुंच गया है जबकि दिन का तापमान अभी भी स्थिर है। दोपहर में धूप बढने के साथ ही गर्मी का एहसास होने लगता है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सर्दी तेज होगी और कडाके की ठंड पडेगी। मौसम बदलने के साथ ही सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। लोग अब गरम कपडे पहनकर घरों से बाहर निकल रहे हैं। हालांकि दोपहर में जैसे-जैसे धूप निकलती है सर्दी का असर कम होने लगता है। अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं है। दोपहर में अभी भी गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सर्दी और तेज होगी। मौसम विभाग के अनुसार 19 नवंबर से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने वाला है। इसके असर से प्रदेश के मौसम में बदलाव आ सकता है। अनुमान है कि इसी महीने के आखरी में कडाके की ठंड शुरू हो जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री का दौरा कल

भरतपुर (निस)। वैर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का आगमन होगा। जिला प्रवक्ता अशोक सिंहल ने बताया कि प्रात 11 बजे भुसावर में जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय खेल मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी एवं प्रमुख लोगों से संपर्क कर पार्टी के हित में अधिक से अधिक मतदान अपील करेंगे।

गोपाष्टमी का पर्व मनाया

भरतपुर (निस)। मंदिर श्रीमदन मोहन जी टांडा किला भरतपुर में 20 नवम्बर को गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया। पुजारी दिगम्बर पंडा ने बताया कि आज गोपाष्टमी के दिन ठाकुर जी प्रथम बार गो-चारण के लिए गये थे। इस अवसर पर ठाकुरजी की आकर्शक गौ-चारण लीला की झांकी सजाई व ठाकुरजी के कलेवा के तिलए मेवों का भोग लगाया गया।

महिला जागृति संस्थान की बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी (निसं)। महिला जागृति संस्थान द्वारा सोमवार को जिला अध्यक्ष डॉ कुसुम गुप्ता के घर पर एक मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में राजस्थानी घूमर सीजन 3 एवं सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम 17 दिसम्बर 2023 को विजय पैलेस में आयोजित किया जायेगा।

दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष व हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार

धौलपुर (निसं)। खूनी संघर्ष में एक महिला की मौत की घटना के 5 दिन बाद पुलिस ने हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। विगत 14 नवंबर को धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के बरकापुरा गांव में खूनी संघर्ष हुआ था, जिसमें एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

थाना प्रभारी रामकिशन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 नवंबर को गोस्वामी और निषाद पक्ष के लोगों में खूनी संघर्ष हो गया था। पुरानी रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष में महिला शीला देवी ने इलाज के दौरान जयपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया था। मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी रामकिशन ने बताया की हत्या के मामले में फरार चल रहे 35 वर्षीय जितेन्द्र पुत्र रामगिरी गोस्वामी निवासी पुराने चम्बल पुल के पास बर का पुरा धौलपुर, 47 वर्षीय दुर्गेश उर्फ बन्टी पुत्र रामगिरी गोस्वामी निवासी पुराने चम्बल पुल के पास बर का पुरा धौलपुर और 38 वर्षीय सतीश गिरी पुत्र कैलाशी गोस्वामी निवासी नई बस्ती मढी मौहल्ला किरी थाना कोतवाली धौलपुर को गिरफ्तार किया गया।

वहीं दो आरोपियों भूरा पुत्र रामगिरी निवासी पुराने चम्बल पुल के पास बर का पुरा धौलपुर और सचिन पुत्र बन्टी गोस्वामी निवासी बर का पुरा चम्बल राजघाट धौलपुर पूर्व से ही आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में जेसी चल रहे हैं, जिनको प्रोडक्शन वारन्ट पर धौलपुर जेल से गिरफ्तार किया जाएगा। इस खूनी संघर्ष के दौरान एक दर्जन से अधिक लोग घायल भी हुए थे। जिनमें से 6 गंभीर घायलों को इलाज के लिए रेफर किया गया था। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

खूनी संघर्ष में एक महिला की मौत की घटना के पांच दिन बाद पुलिस ने हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

'राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी'

भुसावर (निसं)। राजस्थान भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश मंत्री एवं भरतपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवाड़ी ने कहा कि राजस्थान में इस बार जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं गरीब पर हुए अत्यचार तथा सभी क्षेत्रों में हुए भ्रष्टाचार से पूरी तरह तंग आ चुकी जिससे मतदान से पहले ही तश्वीर साफ दिखाई दे रही है कि इस बार राज्य में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी, गिरधारी तिवाडी ने प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी मिलने के नदबई और वैर भुसावर विधान सभा क्षेत्र का तूफानी दौरा कर दर्जनों गांवों में भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली और कु.जगत सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की तिवाडी के साथ भाजपा मीडिया सेल के पूर्व जिला संयोजक एवं मैनापुरा के उपसरपंच बृजेंद्र व्यास, पूर्व जिला कार्यसम्मिति सदस्य रामजीलाल दुबे पिचूना के सरपंच नवीन शर्मा आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी सहित अन्य नेताओं ने मोदी की सभा को लेकर जनसंपर्क किया

करौली (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह गुर्जर के समर्थन में आज मंगलवार को विजय संकल्प सभा को संबोधित करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भाजपा नेताओं ने क्षेत्र में दौरा कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों से आने का अभान किया।

करौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ रहे दर्शन सिंह गुर्जर ने सोमवार को मासलपुर डांग क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवो में जनसंपर्क करते हुए लोगों से 25 नवंबर को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कि। इस दौरान उन्होंने कहा कि करौली के विकास और अमन चैन के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे इसके अलावा भाजपा नेता सतवीर चंदीला ने मासलपुर क्षेत्र के गांवो में जनसंपर्क करते हुए कहा कि कांग्रेस राज में आम जनता परेशान हो चुकी है चारों तरफ अपराधों का ग्राफ बढ़ चुका है इन सबको मिटाने के लिए सभी एकजुट तैयार हो जाएं और पहली बार करौली आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में अपनी संख्या बल दिखाए।

उन्होंने क्षेत्र में पीले चावल बाटकर ग्रामीण महिला, पुरुषों को आज मंगलवार को करौली के सिद्धार्थ सिटी में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि विजय संकल्प जनसभा में भाग लेने की अपील कि। इसके अलावा भाजपा नेता अशोक पाठक,राजकुमारी गुर्जर,गोपाल सिंह गुर्जर आदि लोगों ने अपने-अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में दौरा कर मोदी कि सभा में भीड़ जुटाने के प्रयास मे लगे देखे गए।

करौली कि पूर्व विधायक रानी रोहिणी कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह गुर्जर के समर्थन में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के बड़े-बड़े प्रमुख गांवो में जनसंपर्क करते हुए महिला एवं पुरुष मतदाताओं को कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई आपराधिक घटनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि अब समय नजदीक आ गया है।

सभी लोग पूरे मनोयोग से भाजपा के पक्ष में मतदान करते हुए जिले की चारों सीटों को जिताकर विधानसभा में भेजें ताकि भाजपा कि सरकार बनने पर जिले में विकास की लहर आ सके। प्रत्याशी दर्शन सिंह गुर्जर के दौरे में कई बड़ी सभाएं हुई जिनमे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने नेताओं को सुनते हुए दर्शन सिंह गुर्जर जिंदाबाद के नारे लगाए।

गांव की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया

भरतपुर (निस)। समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने डीग जिले के पहलवानों के गांव परमदरा में पहलवानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य के लिए गांव की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि गाँव में 499 पहलवान पहलवानी करते है इनमे से सर्वश्रेष्ठ पहलवानों का सम्मान करने व आधुनिक जिम स्थापित कराने का आश्वाशन दिया। साथ ही सभी प्रकार की कुष्ती के पहलवानों की हर प्रकार मदद कर आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने की घोषणा की। निदेशक गुप्ता ने कहा कि भरतपुर-डीग जिले की पहचान आज भी पहलवानी क्षेत्र में कायम है, इस जिले के पहलवनों ने राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर कुष्तियां जीती है। गांव परमदरा में आधुनिक अखाडा स्थापित होने से गांव में दोनों तरह की कुश्तियां (भूमि एवं गद्दों) की जाती है। जिससे पहलवान यहां तैयारियां करके देश-विदेश कुश्ती को जाते है।

इस गांव की धरा पर जन्मा नत्थन पहलवान राजस्थान केसरी का खिताब जीत चुका है। गांव के पहलवानों को कुश्ती के दाव पेंच सिखाने हेतु हरियाणा राज्य का स्पेशल कोच लगा हुआ है, जो नित्य गांव एवं अन्य स्थान के पहलवानों को कुश्ती के गुर सिखाता है। उन्होने भामाषाह व पहलवानी के शोकिन लोगों को प्रत्येक क्षेत्र में पहलवानों की मदद करने का आग्रह किया।

ारकार भी खेलकूद व कुष्ती आदि पर विषेश ध्यान दे रही है, ग्राम पंचायत स्तर पर जल्द अखाडा बनेंगे और पंचायत समिति व जिला स्तर पर कुष्ती तैयारियों के वास्ते आधुनिक अखाडा बनेंने लगेंगे। बलराम कल्याण अखाडा डीग-नगर के प्रभारी शिवराम परमदरा ने कहा कि निदेशक सीताराम गुप्ता ने भरतपुर -डीग जिले के पहलवानों की प्रत्येक क्षेत्र में निस्वार्थ भाव बढावा दिया है, उन्होंने पहलवानों को आधुनिक सुविधाए मुहैया कराने के साथ-साथ कई गांवों में अखाडा निर्माण कराए और पहलवानों को दूध, घी, मेवा-मिष्ठान आदि खाने को उपलब्ध कराए है। इस अवसर पर गुर्जर अठ्ठाईसी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुर्जर, शिवराम पहलवान आदि ने निदेशक सीताराम गुप्ता का साफा व माला पहना कर सम्मान किया। साथ ही गांव के कई पहलवानों का भी पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर समृद्व भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता एवं गणमान्य ग्रामीणजन अदि भी मौजूद रहे।

निर्देश-पुस्तिका का विमोचन

भरतपुर (निस)। विधानसभा आमचुनाव 2023 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु ने समस्त विधानसभा क्षेत्रों की आवश्यक चुनाव संबंधी सूचनाओं के निर्देश-पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रतन कुमार स्वामी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) श्वेता यादव, प्रभारी प्रशिक्षण व प्रकाशन प्रकोष्ठ सुनील आर्य, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सुरेन्द्र कुमार गोपालिया एवं राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शासकीय उपयोगार्थ प्रकाशित निर्देश पुस्तिका में भारत निर्वाचन आयोग के आवश्यक दिशा-निर्देशों का समावेश किया गया है। पुस्तिका में चुनाव पर्यवेक्षकों की जानकारी, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के मोबाईल नम्बर, चुनाव के संबंध में गठित दलों की जानकारी भी प्रकाशित की गई है। पुस्तिका में ईवीएम व वीवीपैट संचालन संबंधी निर्देश एवं निर्वाचन से संबंधी ऐप्स के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

1500 भक्तों ने अन्नकूट प्रसादी ली

भरतपुर (निस)। खिरनी घाट स्थित प्राचीन मंदिर श्री अग्रेश्वर महादेव, अग्रवाल भवन के प्रांगण में गोपाष्टमी के पावन पर्व पर अन्नकूट महोत्सव का भव्य कार्यक्रम अग्रवाल सभा, अग्रसेन भवन समिति, महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा समिति एवं अग्रवाल जन चेतना मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। अग्रवाल सभा के महामंत्री विनोद सिंघल एवं भवन समिति के महामंत्री विष्णु लोहिया ने बताया कि प्रात: 8.15 पर श्री अग्रेश्वर महादेव मंदिर में पंडित प्रेमी शर्मा द्वारा विधि विधान सहित पूजा अर्चना जलाभिषेक पुष्प वेल पत्रों का अर्पण किया गया। मंदिर प्रांगण में भव्य फूल बंगला व रोशनी की सजावट कराई गई एवं छप्पन भेग की झांकी को सजाकर भगवान को अर्पित की गई। अन्नकूट प्रसादी में चावल, बाजरा, कढी, मिक्स सब्जी, खीर, पापड, चिप्स, लड्डू, मठरी, पूडी आदि की प्रसादी लगभग 1500 भक्तों ने बैठकर खाई। सांयकाल अन्नकूमट प्रसादी दोनों में वितरित की गई। इस श्री अग्रगवाल सभा अध्यक्ष सीए एम.एल.मित्तल, अग्र जन चेतना मंच के सीए अतुल मित्तल, भवन समिति अध्यक्ष सुरेश बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा अग्रवाल महासभा मनोज जिंदल, जिला महिला अध्यक्ष विनीता गुप्ता, जिला युवा अग्रवाल महासभा अध्यक्ष विपेन्द्र बंसल, सपना डीगिया, मेडिकल, डॉ. डीडी गोयल, प्रहलाद फर्नीचर वाले आदि वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

गंगापुर सिटी (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अंजली राजोरिया ने मंगलवार को उदई कलाँ में निर्धारित मानकों से कम मतदान वाले अभिग्रहित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर द्वारा गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र के उदई कलां में संवेदनशील मतदान केंद्र राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय उदई कलाँ एवं सामान्य मतदान केन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडी उदई का निरीक्षण किया गया। निर्धारित मानकों से कम मतदान प्रतिशत होने के कारण उक्त मतदान केन्द्रों को मतदान प्रतिशत बाने की दृष्टि से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता गतिविधियों के लिए उनके द्वारा अभिग्रहित किया गया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य इन मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत में कमी के कारणों को जमीनी स्तर पर जानना एवं उनकी समीक्षा कर विधानसभा आमचुनाव 2023 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है।

'क्षेत्र के विकास में नए आयाम स्थापित होंगे'

- भाजपा प्रत्याशी मानसिंह गुर्जर के समर्थन में जन समुदाय उमड़ रहा
- हम वादा नहीं काम करने में विश्वास करते है : गुर्जर

गंगापुर सिटी (निसं)। भाजपा प्रत्याशी मानसिंह गुर्जर के समर्थन में जन समुदाय उमड रहा है। गुर्जर के जनसर्म्पक के दौरान लोगो का उत्साह देखते ही बनता है।

जगह जगह पुष्प वर्षा व माला साफा पहना कर भव्य अभिनंदन करते हुए भारी मतो से जिताने का आश्वासन दिया जा जा रहा है। जनसर्म्प के दौरान लोगो को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मानसिंह गुर्जर ने कहा कि देश, प्रदेश और गंगापुर सिटी के सम्मान के लिए आने 25 नबम्बर को अपना मत व समर्थन दे कर कमल के सामने वाला बटन दबाए और भाजपा का जिताने का आह्वाहन किया।

उन्होने कहा कि आप लोगो के मान सम्मान, सुरक्षा, क्षैत्र की खुशहाली व अमन चैन के साथ गंगापुर के चौमुखी विकास के लिए मैं हर सम्भव कोशिश करूंगा जिसमें आपका सहयोग जरूरी है। इस दौरान उन्होने विधानसभा के वार्ड नं 16,17, महुकलां में बैंक कॉलोनी, अमित कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, महुखुर्द, वजीरपुर नहर रोड, गुर्जर मोहल्ला, नवीन स्कूल चोराहा, कर्मचारी कॉलोनी, सहित अनेक स्थानो पर जनसम्पर्क के दौरान जनता ने पुष्प वर्षा कर एवं माला साफा पहना कर एवं तौल कर मत व समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

भाजपा प्रत्याशी मानसिंह गुर्जर ने बताया की क्षेत्र के विकास के लिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपना अमूल्य वोट देकर विजयी बनाएं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपका मान और सम्मान में कोई कसर नहीं छोडूंगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि देशभर में कांग्रेस जनता से झूठ बोलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने जनता से खूब वादे किए, लेकिन सत्ता हासिल करने के बाद एक भी वादा पूरा नहीं किया।

कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की महिलाओं, किसान और युवाओं को ठगने का काम किया। कांग्रेस अपनी गारंटी पूरी नहीं कर सकी और अब कांग्रेस पार्टी झूठा प्रचार कर रही है। सभापति ने बताया कि कांग्रेस की पहचान ही सिर्फ घोटाला है। साल 2004 से लेकर साल 2014 तक यूपीए सरकार के दौरान घोटाले ही होते रहे। उन्होंने कहा कि जब भी कभी अखबार खोलते थे, तो घोटाले का ही जिक्र खबरों में रहता था। इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

फ्लैश मोब कार्यक्रम आयोजित

करौली (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर करौली अंकित कुमार सिंह एवं स्वीप प्रभारी मीणा नीरू तुलसीराम के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता के अनेको कार्यक्रमो के माध्यम से मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को फ्लैश मोब के माध्यम से पुरानी नगर पालिका, फूटाकोट एवं अनाज मंडी में स्काउट गाइड ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर आमजन की भीड़ को आकर्षित किया एवं एकत्रित आमजन को 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर करौली अंकित कुमार सिंह एवं स्वीप प्रभारी मीना नीरू तुलसीराम द्वारा लगातार मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालयों,विभागों एवं स्काउट गाइड के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहे हैं जिसके तहत रविवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय करौली के माध्यम से करौली जिले के इतिहास मे पहली बार इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसे फ्लैश मोब के माध्यम से स्काउट गाइड ने नगर पालिका पर मदन मोहन जी के दर्शन के समय को चुनकर नृत्य की प्रस्तुति दी जिससे वहां पर मदन मोहन मंदिर जाने वाले दर्शनार्थी एकत्रित हो गए और जागरूकता के अनोखे तरीके की सराहना करने लगे ऐसे में स्काउट गाइड ने गुब्बारे फोड़ कर उसमें से निकले मैसेज कि परची को सभी को वितरित किया और हाथ जोड़कर सभी से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रात: 7:00 से शाम 6:00 बजे के बीच मतदान करने की अपील कि।

बहु ने सास-ससुर से मारपीट की

हिण्डौन सिटी (निसं)। बहु ने पीहर वालों के साथ मिलकर बुजुर्ग सास-ससुर पर हमला कर दिया। मारपीट से सास के सिर में गंभीर चोटें आए है, वहीं ससुर भी घायल है। घटना रविवार शाम को हिण्डौन सिटी के नई मंडी थाना क्षेत्र के मंडावरा फाटक के पास हुई। इस संबंध में घायलों ने मामला दर्ज करायाहुई। इस संबंध में घायलों ने मामला दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि आरोपी बहु का पति के साथ मनमुटाव चल रहा था। घायल अतर सिंह चौबदार व उसकी पत्नी सोहन देई ने बताया कि उनके बेटे मनोज व बहु प्रीति के बीच काफी दिनों से मनमुटाव चल रहा था। जिसे लेकर कई बार घर में झगड़ा हो गया। इस दौरान बुजुर्ग माता-पिता ने दोनों से समझाइश की। घायलों का आरोप है कि उसका बेटा मनोज अपने बच्चों को लेकर किसी रिश्तेदार के यहां गया था। इस दौरान उसकी बहु व उसके पीहर पक्ष के करीब 4-5 लोग घर पर आ गए। उन्हें धमकाते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें महिला के सिर पर गम्भीर चोट आई। आरोप है कि मारपीट के बाद उनकी बहू पीहर चली गई। घटना के बाद हिंडौन रह रहे अन्य रिश्तेदार घर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉ. अवधेश सोलंकी ने बताया झगडे में पति-पत्नी घायल है। जिसमें महिला के सिर पर चोट है। प्राथमिक उपचार कर दोनों को वार्ड में भर्ती किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के बाद पुलिस द्वारा घायलों से पर्चा बयान लिया जाएगा।

पूर्व सी.एम .की सभा आज

भुसावर (निसं)। राजस्थान विधानसभा आम चुनाव 2023 को लेकर अब वैर विधानसभा में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। लगातार अब विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बड़े नेताओं के दौरे क्षेत्र में चल रहे हैं। पहले कांग्रेस के प्रत्याशी भजनलाल जाटव के समर्थन में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वैर में आयोजित सभा को संबोधित किया तो अब राजस्थान की पूर्व सीएम भाजपा की उच्च पदाधिकारी वसुंधरा राजे भुसावर में भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह कोली के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। यह चुनावी सभा 21 नवंबर को प्रात: 11 बजे कस्बा भुसावर के राजकीय श्री जगन्नाथ पहाड़िया उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रीड़ा मैदान में आयोजित होने जा रही है जिसके लिए समर्थकों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। वही बताया जा रहा है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे प्रात: 11 बजे हेलीकॉप्टर के जरिए भुसावर पहुंचेंगी और जनसभा को संबोधित करेंगी। जिसके लिए राजकीय विद्यालय के क्रीडा मैदान में हैलीपेड सहित मंच की तैयारियों को लेकर मौका मुआयना पुलिस प्रशासन के साथ साथ बीजेपी पदाधिकारियों द्वारा किया गया है।

सघन चेकिंग अभियान जारी



धौलपुर (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में धौलपुर जिले में शांति पूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए पुलिस व अद्धसैनिक बलों की टुकडी द्वारा प्रतिदिन फ्लैग मार्च किया जा रहा है। साथ ही आमजन से भयमुक्त होकर मतदान का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि धौलपुर जिले में विधानसभा चुनाव 2023 शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए चारों विधानसभाओं में कुल 112 सैक्टर पुलिस प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। जिनका क्षेत्र सैक्ट